20/FI/CC/M–2023–03 **Student's Copy**

# General Studies–II

*Time* : 3 Hours ] [ *Full Marks* : 300

## Section—I
## खण्ड—I

1. Write short answer of the following questions :

   निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

   (a) Critically examine the basic structure theory regarding the Indian Constitution. 8

   भारतीय संविधान से सम्बन्धित मूल ढाँचे के सिद्धान्त का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

   (b) Is reservation for Economically Weaker Sections (EWS) justified? Comment. 8

   क्या आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ई० डब्ल्यू० एस०) हेतु आरक्षण तर्कसंगत है? टिप्पणी कीजिए।

   (c) Critically describe about the amendment process of the Indian Constitution. 8

   भारतीय संविधान की संशोधन प्रक्रिया का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए।

   (d) Explain how Preamble of the Indian Constitution provides a blueprint about the goals of the Constitution. 7

   बताइए कि किस प्रकार भारतीय संविधान की प्रस्तावना संविधान के उद्देश्यों की कार्य-योजना प्रस्तुत करती है।

   (e) Describe how caste census is going to influence the politics of Bihar. 7

   जातीय जनगणना किस प्रकार से बिहार की राजनीति को प्रभावित करेगी, इसका वर्णन कीजिए।

2. (a) Discuss the institutional relationship between the President and the Prime Minister as per the Indian Constitutional text. Discuss their changing role in the present context. 38

   भारतीय संवैधानिक पाठ के अनुसार राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के बीच संस्थागत सम्बन्ध पर चर्चा कीजिए। वर्तमान संदर्भ में उनकी बदलती भूमिका पर चर्चा कीजिए।

   ***Or / अथवा***

   (b) "Indian federalism is fundamentally rooted in two simultaneous pursuits of nationhood : an embrace of state-based cultural diversities and a commitment to the larger Indian political community." Examine critically the nature of Indian model of federalism in the light of the above statement. 38

   "भारतीय संघवाद मूल रूप से राष्ट्रीयता के दो एक-साथ प्रयासों में निहित है : राज्य-आधारित सांस्कृतिक विविधताओं को अपनाना और बड़े भारतीय राजनीतिक समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता।" उपरोक्त कथन के आलोक में संघवाद के भारतीय मॉडल की प्रकृति का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

3. (a) Discuss and analyze the fundamental principles of coalition politics in Bihar from the point of view of the fulfilment of the national interests specifically. 38

बिहार में गठबन्धन की राजनीति के मूल सिद्धान्तों को, विशेषतः राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के दृष्टिकोण से, विवेचित एवं विश्लेषित कीजिए।

**Or / अथवा**

(b) Elucidate and evaluate the local government and its working from the point of view of the empowerment of the Panchayat Raj and the City Institutions with the examples from the grassroot level in Bihar. 19+19=38

स्थानीय शासन एवं उसकी कार्यपद्धति को पंचायत राज तथा शहरी संस्थाओं के सशक्तीकरण के दृष्टिकोण से, बिहार में धरातलीय स्तर से उदाहरणों के साथ, स्पष्ट तथा मूल्यांकित कीजिए।

## Section—II

## खण्ड—II

4. Write short answer of the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

(a) Analyze the mechanism and characteristics of Indian monsoon system. 8

भारतीय मानसून तंत्र की क्रियाविधि एवं विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

(b) What are the sources of energy in India? Are they sufficient to meet domestic needs? What are the possible alternative sources of energy for India? Present a critical review. 8

भारत में ऊर्जा के स्रोत क्या हैं? क्या ये घरेलू माँग की पूर्ति के लिए पर्याप्त हैं? भारत के लिए संभावित वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत क्या हैं? समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए।

(c) Discuss the state of tourism industry in India and analyze its future in the country. 8

भारत में पर्यटन उद्योग की स्थिति की विवेचना कीजिए तथा देश में इसके भविष्य का विश्लेषण कीजिए।

(d) Describe the distribution of Scheduled Caste and Scheduled Tribe population in Bihar and comment on their level of socio-economic conditions. 7

बिहार में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जनसंख्या के वितरण का वर्णन कीजिए तथा इनकी सामाजिक-आर्थिक दशाओं के स्तरों पर टिप्पणी कीजिए।

(e) Divide India into major physiographic divisions and describe the region in which the land of Bihar State is included. 7

भारत को प्रमुख भौतिक विभागों में विभाजित कीजिए तथा उस प्रदेश का वर्णन कीजिए जिसमें बिहार राज्य की भूमि सम्मिलित हो।

5. *(a)* Explain the factors affecting the climate of Bihar. In what way and in how many parts the agro-climatic zone has been divided in the State? How many seasons are found here in a year? Discuss the effect of these seasons on agriculture. 38

बिहार की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। राज्य में कृषि जलवायु क्षेत्र (agro-climatic zone) को किस प्रकार से एवं कितने भागों में विभाजित किया गया है? यहाँ साल में कितने मौसम पाए जाते हैं? इन मौसमों के कृषि पर प्रभाव की विवेचना कीजिए।

***Or / अथवा***

*(b)* How are cities classified by the Directorate of Population in India? Throw light on the total population and their rate of growth as per 2011 Census of various classified cities. Discuss the population of Bihar as per 2011 Census and also throw light on the trend of working population in the State. 38

भारत में जनसंख्या निदेशालय द्वारा शहरों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है? विभिन्न प्रकार से वर्गीकृत शहरों की 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी एवं उनकी वृद्धि दर पर प्रकाश डालिए। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या की विवेचना कीजिए एवं राज्य में कार्यशील जनसंख्या की प्रवृत्ति पर भी प्रकाश डालिए।

6. *(a)* Explain 'trickle-down' theory of economics, its major elements, benefits, limitations and criticisms in context to Indian planning. 38

भारतीय नियोजन के संदर्भ में अर्थशास्त्र के 'ट्रिकल-डाउन' सिद्धान्त, इसके प्रमुख तत्त्व, लाभ, सीमाओं और आलोचनाओं को स्पष्ट कीजिए।

***Or / अथवा***

*(b)* Describe 'monsoon system of India', its nature, types, climate change, distribution, synonyms, east and west jet stream and feasibility. 38

'भारत की मानसून प्रणाली', इसके स्वभाव, प्रकार, जलवायु परिवर्तन, वितरण, समानार्थी शब्द, पूर्वी एवं पश्चिमी जेट स्ट्रीम तथा व्यवहार्यता का वर्णन कीजिए।

## Section—III

## खण्ड—III

7. Write short answer of the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

*(a)* What is the role of computer in modern society? 8

आधुनिक समाज में कम्प्यूटर की क्या भूमिका है?

*(b)* With suitable examples, discuss the relationship between technology and social development. 7

समुचित उदाहरणों के साथ तकनीक (टेक्नोलॉजी) एवं सामाजिक विकास में सम्बन्ध की विवेचना कीजिए।

(c) Discuss the role of science and technology in industrial development of Bihar. 7

बिहार में औद्योगिक विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका का वर्णन कीजिए।

(d) Discuss how modern technology helped us during corona pandemic. 7

कोरोना महामारी के समय नयी तकनीक ने हमलोगों की किस प्रकार सहायता की, इसकी विवेचना कीजिए।

(e) Write a note on the role of technology in sustainable development. 7

सतत विकास में तकनीक (टेक्नोलॉजी) की भूमिका पर एक नोट लिखिए।

**8.** (a) Misuse of technology and its wrong application lead to pollute the environment and cause climatic changes. Discuss with suitable examples, how misuse of technology has become a curse to the environment of India. 36

तकनीकी का दुरुपयोग एवं इसका गलत प्रयोग पर्यावरण के प्रदूषण की तरफ ले जाता है एवं जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। उचित उदाहरणों की सहायता से विवेचना कीजिए कि किस प्रकार भारत के पर्यावरण के लिए तकनीकी का दुरुपयोग एक अभिशाप बन गया है।

***Or / अथवा***

(b) Nanotechnologies have a huge potential to revolutionise our life. Discuss the emerging applications of nanotechnology in human health. 36

हमलोगों के जीवन में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाने में नैनोटेक्नोलॉजी के पास असीम सम्भावनाएँ हैं। मानव स्वास्थ्य के संदर्भ में नैनोटेक्नोलॉजी के उभरते प्रयोगों की विवेचना कीजिए।

★ ★ ★